**Pre Board Examination 2023-24**
**Class Xth**
**Subject : Social Science (087)**
**Question Paper/Marking Scheme Analysis**

**Time : 3 Hrs.** **Marks : 80**

Q 1. – **मान लीजिए आप एक बैंक में मैनेजर पद पर कार्यरत है। आपके सामने ऋण वितरण के लिए चार प्रार्थना पत्र आए हैं (जिनका विवरण नीचे तालिका में दिया गया है।) बताइए आप निम्नलिखित में से किसे सबसे पहले ऋण प्रदान करेंगें जिससे ऋण वापसी सबसे सरल हो?**

| **आवेदक नाम** | **भूमि** | **समर्थक ऋणाधार** | **पुराना ऋण** |
|---|---|---|---|
| मोहन | हाँ | हाँ | नहीं |
| श्याम | हाँ | नहीं | हाँ |
| दीपक | नहीं | हाँ | हाँ |
| विनोद | नहीं | नहीं | नहीं |

**सही विकल्प :-**

**Option A** : मोहन उपरोक्त सारणी मे दी गई ऋण की सभी शर्तों (आवश्यक कागजात, समर्थक ऋण आधार तथा पुराना ऋण ) को पूरा कर रहा है ।

**अन्य विकल्पों का आकलन :-**

- **Option B** : श्याम उपरोक्त सारणी मे दी गई ऋण की दो शर्तों (समर्थक ऋणाधार तथा पुराना ऋण ) को पूरा नहीं कर रहा है ।
- **Option C** : दीपक उपरोक्त सारणी मे दी गई ऋण की सभी शर्तों (आवश्यक कागजात, समर्थक ऋणाधार तथा पुराना ऋण ) को पूरा नहीं कर रहा है ।
- **Option D** – विनोद उपरोक्त सारणी मे दी गई ऋण की दो शर्तों (आवश्यक कागजात तथा समर्थक ऋणाधार) को पूरा नहीं कर रहा है ।

**उपचार -**

- विद्यार्थी बैंक द्वारा दिए जाने वाले ऋण की सभी शर्तों के विषयों के बारे में पूर्ण जानकारी प्राप्त करें ।

Q 2. **निम्नलिखित में से किसने 'बाँधों को आधुनिक भारत के मंदिर' की संज्ञा दी?**

**सही विकल्प :-**

Option B : यह कथन पंडित जवाहर लाल नेहरू ने बहुउद्देश्यी परियोजनाओं के संदर्भ में बांधों के विषय में कहा था।

**अन्य विकल्पों का आकलन :-**

- Option A : यह वक्तव्य महात्मा गांधी द्वारा नहीं दिया गया ।
- Option C : यह वक्तव्य सरदार वल्लभभाई पटेल द्वारा नहीं दिया गया है ।
- Option D – यह वक्तव्य लाल बहादुर शास्त्री द्वारा नहीं दिया गया है ।

**उपचार -**

- विद्यार्थी बहुउद्देश्यी परियोजना के विषयों के बारे में पूर्ण जानकारी प्राप्त करें ।

Q 3. **श्रीमती पूनम संगठित क्षेत्रक में कार्यरत है। बताइए निम्नलिखित में से कौन सी सुविधा उन्हें प्राप्त होगी?**

1. **नियमित वेतन**

DOE, DELHI

2. सवेतन अवकाश
3. रोजगार की असुरक्षा

**सही विकल्प :-**

Option D : नियमित वेतन तथा सवेतन अवकाश संगठित क्षेत्र की विशेषताएँ हैं, जबकि रोजगार की असुरक्षा संगठित क्षेत्रक की विशेषता नहीं है ।

**अन्य विकल्पों का आकलन :-**

- Option A : नियमित वेतन संगठित क्षेत्र की केवल एक विशेषता हैं, जबकि सवेतन अवकाश भी इसकी अन्य विशेषताओं मे से एक है ।
- Option B : सवेतन अवकाश संगठित क्षेत्र की केवल एक विशेषता हैं, जबकि नियमित वेतन भी इसकी अन्य विशेषताओं मे से एक है ।
- Option C – नियमित वेतन संगठित क्षेत्र की विशेषता हैं, परंतु रोजगार की असुरक्षा संगठित क्षेत्रक की विशेषता नहीं है ।

**उपचार -**

विद्यार्थी संगठित क्षेत्र व असंगठित क्षेत्र की विशेषताओं मे भेद स्पष्ट करें ।

Q 4. **शाकाहारी भोजन में .......................... सर्वाधिक प्रोटीनदायक है।**

**सही विकल्प :-**

Option D : शाकाहारी भोजन में दाल सर्वाधिक प्रोटीनदायक है ।

**अन्य विकल्पों का आकलन :-**

- Option A : शाकाहारी भोजन में बाजरे में दाल से अधिक प्रोटीन नहीं होता है ।
- Option B : शाकाहारी भोजन में गेहूं में दाल से अधिक प्रोटीन नहीं होता है ।
- Option C : शाकाहारी भोजन में चावल में दाल से अधिक प्रोटीन नहीं होता है ।

**उपचार -**

विद्यार्थी पाठ में दी गई फसलों में उपलब्ध पोषण की मात्रा के विषय में जानकारी प्राप्त करें।

Q 5. **किसी देश की औसत आय, उसकी कुल आय में निम्नलिखित में से किससे भाग देकर निकली जाती है?**

**सही विकल्प :-**

Option A : देश की औसत आय की गणना करने के लिए देश की कुल आय को देश की कुल जनसंख्या से विभाजित किया जाता है ।

औसत आय = देश की कुल आय / देश की कुल जनसंख्या

**अन्य विकल्पों का आकलन :-**

- Option B : देश की औसत आय की गणना करने के लिए देश की कुल आय को देश की कुल जनसंख्या से विभाजित किया जाता है न कि देश की आधी जनसंख्या से ।
- Option C : देश की औसत आय की गणना करने के लिए देश की कुल आय को देश की कुल जनसंख्या से विभाजित किया जाता है न कि देश की केवल कमाने वाली जनसंख्या से ।
- Option D : देश की औसत आय की गणना करने के लिए देश की कुल आय को देश की कुल जनसंख्या से विभाजित किया जाता है न कि देश की केवल वयस्क जनसंख्या से ।

**उपचार -**

विद्यार्थी औसत आय की परिभाषा/गणना के विभिन्न मदों को ध्यानपूर्वक समझें ।

DoE, DELHI

**Q 6. एक कक्षा में पढ़ाते समय श्रीमती नीरू को उनकी एक विद्यार्थी ने बताया कि उसकी माताजी व पिताजी दोनों एक फैक्ट्री में कार्यरत है। काम से आने के बाद माताजी व पिताजी दोनों मिलकर घर की जिम्मेदारी को बराबर रूप से बांटते है एवं घर के हर फैसले में माताजी एवं पिताजी सभी से चर्चा करके निर्णय करते है। बताइए उपरोक्त उदाहरण क्या प्रदर्शित करता है?**

**सही विकल्प :-**

Option C : घर की जिम्मेदारी को पति-पत्नी द्वारा बराबर बांटना तथा घर के प्रत्येक फैसले पर चर्चा कर निर्णय लेना लिंग के आधार पर समानता को दर्शाता है ।

**अन्य विकल्पों का आकलन :-**

- Option A : घर की जिम्मेदारी को पति-पत्नी द्वारा बराबर बांटना तथा घर के प्रत्येक फैसले पर चर्चा कर निर्णय लेना लिंग के आधार पर समानता को दर्शाता है । जबकि धर्म के आधार पर किसी भी तरह का भेदभाव, धार्मिक भेदभाव कहलाता है।
- Option B : घर की जिम्मेदारी को पति-पत्नी द्वारा बराबर बांटना तथा घर के प्रत्येक फैसले पर चर्चा कर निर्णय लेना लिंग के आधार पर समानता को दर्शाता है, न कि भेदभाव को ।
- Option D : घर की जिम्मेदारी को पति-पत्नी द्वारा बराबर बांटना तथा घर के प्रत्येक फैसले पर चर्चा कर निर्णय लेना लिंग के आधार पर समानता को दर्शाता है, जबकि सभी धर्मों को समानता की दृष्टि से देखना तथा व्यवहार करना धार्मिक समानता को दर्शाता है ।

- **उपचार -**

विद्यार्थी धार्मिक भेदभाव/समानता तथा लैंगिक भेदभाव/समानता के विषय में पूर्ण जानकारी प्राप्त करें ।

Q 7. **प्रशा के उस राजा का नाम बताइए जिसने वर्साय में हुए समारोह में स्वयं को जर्मनी का सम्राट घोषित कर दिया।**

**सही विकल्प :-**

Option A : वर्साय मे हुए समारोह मे विलियम प्रथम को 1871 में जर्मनी का सम्राट घोषित किया गया ।

**अन्य विकल्पों का आकलन :-**

- Option B : जर्मनी के एकीकरण के समय प्रशा का राजा विलियम प्रथम था न कि विलियम द्वितीय।
- Option C : हेनरी -IV 16-17वीं शताब्दी के समय फ्रांस का राजा था ।
- Option D : लुईस VI बाहरवी शताब्दी मे फ्रांस का राजा था ।

- **उपचार -**

विद्यार्थी जर्मनी के एकीकरण कें विषय मे पूर्ण जानकारी प्राप्त करें ।

Q 8. निम्नलिखित में से कौन–सा भारत में बाघ संरक्षण परियोजना का उदाहरण है?

1. मानस बाघ रिजर्व
2. पेरियार बाघ रिजर्व
3. कॉरबेट राष्ट्रीय उद्यान

**सही विकल्प :-**

Option D : मानस बाघ रिजर्व, पेरियार बाघ रिजर्व तथा कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान सभी भारत में बाघ संरक्षण परियोजना के संरक्षित क्षेत्र है ।

**अन्य विकल्पों का आकलन :-**

- Option A : कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान भी भारत में बाघ संरक्षण परियोजना के संरक्षित क्षेत्र है ।
- Option B : मानस बाघ रिजर्व भी भारत में बाघ संरक्षण परियोजना के संरक्षित क्षेत्र है ।
- Option C : पेरियार बाघ रिजर्व भी भारत में बाघ संरक्षण परियोजना के संरक्षित क्षेत्र है ।

**उपचार -**

DOE, DELHI

विद्यार्थी भारत मे स्थित सभी बाघ संरक्षित परियोजनाओं के बारे मे पूर्ण जानकारी प्राप्त करें ।

Q 9. **गलत कथन की पहचान कीजिए।**

**सही विकल्प :-**

Option C : “हिन्द स्वराज” नामक पुस्तक की रचना महात्मा गांधी ने की थी ।

**अन्य विकल्पों का आकलन :-**

- Option A : बंकिमचंद्र चट्टोंपाध्याय ने “वन्दे मातरम” की रचना की
- Option B : महात्मा गांधी ने चंपारण मे नील किसानों के आंदोलन का नेतृत्व किया ।
- Option D: नटेसा शास्त्री ने ‘द फोकलोर्स ऑफ सदर्न इंडिया’ की नाम से तमिल लोक कथाओं का संकलन प्रकाशित किया।

**उपचार -**

विद्यार्थी ‘भारत में राष्ट्रवाद’ अध्याय में दी गई महात्मा गांधी की रचनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करें।

Q 10. **सही मिलान करके उचित विकल्प का चयन कीजिए।**

| | **स्तंभ क** | | **स्तंभ ख** |
|---|---|---|---|
| a | संघ सूची | I | शिक्षा |
| b | राज्य सूची | II | प्रतिरक्षा |
| c | समवर्ती सूची | III | वाणिज्य |

**सही विकल्प :-**

Option D : प्रतिरक्षा- संघ सूची में, व्यापार एवं वाणिज्य- राज्य सूची में तथा शिक्षा- समवर्ती सूची में है।

**अन्य विकल्पों का आकलन :-**

- Option A: प्रतिरक्षा- संघ सूची में, व्यापार एवं वाणिज्य- राज्य सूची में तथा शिक्षा- समवर्ती सूची में है।
- Option B: व्यापार एवं वाणिज्य- राज्य सूची में तथा शिक्षा- समवर्ती सूची में है।
- Option C: प्रतिरक्षा- संघ सूची में, व्यापार एवं वाणिज्य- राज्य सूची में तथा शिक्षा- समवर्ती सूची में है।

**उपचार -**

विद्यार्थी संघ सूची, राज्य सूची एवं समवर्ती सूची में वर्णित सभी विषयों के संदर्भ में जानकारी प्राप्त करे।

Q 11. **निम्नलिखित घटनाओं का उनके कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए।**

1. **बंगाल गजट**
2. **संवाद कौमुदी**
3. **जाम –ए – जहाँ**
4. **रामचरितमानस का पहला मुद्रित संस्करण**

**सही विकल्प :-**

Option D : दी गई घटनाओं का सही कालक्रम है-

1. जेम्स आगस्टस हिक्की द्वारा साप्ताहिक पत्रिका बंगाल गजट का प्रकाशन(1780)
4. रामचारितमानस का पहला मुद्रित संस्करण (1810)
2. राजा राममोहन राय द्वारा संवाद कौमुदी का प्रकाशन(1821)
3. फारसी अखबार ‘जाम- ए- जहाँ ‘ का प्रकाशन (1822)

**अन्य विकल्पों का आकलन :-**

DOE, DELHI

Option A:

4. रामचारितमानस का पहला मुद्रित संस्करण (1810)
2. राजा राममोहन राय द्वारा संवाद कौमुदी का प्रकाशन(1821)
3. फारसी अखबार 'जाम- ए- जहाँ ' का प्रकाशन (1822)

Option B:

1. जेम्स आगस्टस हिक्की द्वारा साप्ताहिक पत्रिका बंगाल गजट का प्रकाशन (1780)।
4. रामचारितमानस का पहला मुद्रित संस्करण (1810)।
2. राजा राममोहन राय द्वारा संवाद कौमुदी का प्रकाशन(1821)।
3. फारसी अखबार 'जाम- ए- जहाँ ' का प्रकाशन (1822)।

Option C:

1. जेम्स आगस्टस हिक्की द्वारा साप्ताहिक पत्रिका बंगाल गजट का प्रकाशन (1780)।
4. रामचारितमानस का पहला मुद्रित संस्करण (1810)।
2. राजा राममोहन राय द्वारा संवाद कौमुदी का प्रकाशन(1821)।
3. फारसी अखबार 'जाम- ए- जहाँ ' का प्रकाशन (1822)।

**उपचार -**

विद्यार्थी पुस्तकों की छपाई के कालक्रम के विषय में जानकारी प्राप्त करें।

Q 12. **निम्नलिखित में से किस राज्य में बांस ड्रिप सिंचाई प्रणाली का उपयोग वर्षा जल संग्रहण के लिए काफी समय से किया जाता रहा है?**

**सही विकल्प :-**

Option A : मेघालय में घर की छतों का तिकोना होना तथा बांस की अधिकता होने के कारण पहाड़ों से बहते जल को 'बांस ड्रिप प्रणाली' का उपयोग कर वर्षा जल संग्रहण काफी समय से किया जाता रहा है।

**अन्य विकल्पों का आकलन :-**

- Option B: राजस्थान में छत सपाट होने, वर्षा जल संग्रहण के लिए छत जल संग्रहण विधि का उपयोग किया जाता है, न कि 'बांस ड्रिप प्रणाली' का।
- Option C: ओडिशा में 'बांस ड्रिप प्रणाली' का उपयोग वर्षा जल संग्रहण के लिए नहीं होता।
- Option D: पंजाब में 'बांस ड्रिप प्रणाली' का उपयोग वर्षा जल संग्रहण के लिए नहीं होता ।
- **उपचार -**

विद्यार्थी वर्षा जल संग्रहण की विभिन्न तरीके और उनसे संबंधित राज्यों के बारे में जानकारी प्राप्त करें ।

Q 13. **एक देश में दो दल ही सत्ता के लिए चुनावों में भागीदारी करते है। उन दोनों दलों की नीतियों और कार्यक्रमों में समरूपता (एक जैसे) देखने को मिलती है। बताइए इस देश राजनीतिक दल किस प्रकार की चुनौती का सामना कर रहे है:**

**सही विकल्प :-**

Option A: देश में राजनैतिक दलों की सीमितता तथा दोनों राजनैतिक दलों की नीतियों में समरूपता विकल्पों के अभाव को दर्शाती है।

**अन्य विकल्पों का आकलन :-**

- Option B: प्रश्न में राजनैतिक दलों के आंतरिक चुनावों के अभाव की जानकारी नहीं है।
- Option C: प्रश्न में राजनैतिक दलों के शीर्ष पदों पर वंशवाद के आधिपत्य की जानकारी नहीं है।

DoE, DELHI

- Option D: प्रश्न में राजनैतिक दलों में अपराधिकारण अथवा आपराधिक छवि के व्यक्तियों के आधिपत्य की जानकारी नहीं है ।

- **उपचार -**

विद्यार्थी राजनैतिक दलों के समक्ष आने वाली सभी चुनौतियों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त करें।

Q 14. **मोनाजाइट रेत में निम्नलिखित में से कौन–सा खनिज पाया जाता है?**

**सही विकल्प :-**

Option C : केरल की मोनाजाइट रेत में थोरियम की अधिकता पाई जाती है।

**अन्य विकल्पों का आकलन :-**

- Option A : खनिज तेल सरंध्र और असरंध्र चट्टानों के बीच भ्रंश ट्रेप तथा टरशरी युग की शैल सरंचनाओं के अपनति व भ्रंश ट्रेप में पाया जाता है।
- Option B : यूरेनियम, झारखंड और राजस्थान की अरावली पर्वत शृंखला में पाया जाता है ।
- Option D : कोयले का उत्पादन खनन द्वारा होता है।

- **उपचार -**

विद्यार्थी ऊर्जा संसाधनों के परंपरागत तथा गैर- परंपरागत स्रोतों के बारे में जानकारी प्राप्त करें ।

Q 15. **निम्नलिखित विशेषताओं के आधार पर मृदा की पहचान कीजिए।**

1. **इन मृदाओं के गठन में पर्वतीय पर्यावरण के अनुसार बदलाव आता है।**
2. **नदी घाटियों के निचले क्षेत्रों, विशेषकर नदी सोपानों और जलोढ़ पंखों, आदि में ये मृदाएँ उपजाऊ होती हैं।**

**सही विकल्प :-**

Option B : पहाड़ी और पर्वतीय क्षेत्रों में नदियों की अधिकता होने के कारण वन ज्यादा पाए जाते है, इसलिए यहाँ वन मृदा पाई जाती है । यहाँ पर पर्याप्त मात्रा में वर्ष वन उपलब्ध होते हैं ।

**अन्य विकल्पों का आकलन :-**

- Option A : काली मृदा बेसाल्ट की चट्टानों से बनती है, जिसका निर्माण लावा के ठंडे होने के कारण होता है । यह दक्कन के पठारों में पाई जाती है ।
- Option B : लेटराइट मृदा का निर्माण आर्द्र और शुष्क ऋतुओं के एक के बाद आने के कारण व जहां भारी वर्षा होती है वहाँ होता है।
- Option D : मरुस्थलीय मृदा का निर्माण वहाँ होता है जहां मिट्टी में पानी की मात्रा बिल्कुल कम या न के बराबर होती है ।

- **उपचार -**

विद्यार्थी मृदाओं के वर्गीकरण को ध्यानपूर्वक पढ़े व सभी प्रकार की मृदाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करे ।

Q 16**. निम्नलिखित में से क्या वैश्वीकरण को बढ़ाने में सहायक नहीं है?**

**सही विकल्प :-**

Option D : वैश्वीकरण विभिन्न देशों के बीच परस्पर संबंध और एकीकरण की प्रक्रिया है । किसी भी देश के बीच पारस्परिक संबंध बनाने में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी, उदारीकरण, तथा परिवहन प्रौद्योगिकी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ।

**अन्य विकल्पों का आकलन :-**

- Option A : सूचना और संचार प्रौद्योगिकी विभिन्न देशों के बीच सूचनाओं के आदान प्रदान द्वारा वैश्वीकरण को बढ़ावा मिलता है ।

DoE, DELHI

- Option B : उदारीकरण के कारण करों मे ढील व व्यापार में आने वाले अवरोधों को दूर करके वैश्वीकरण को बढ़ावा दिया जाता है ।
- Option C : परिवहन प्रौद्योगिकी द्वारा विभिन्न देशों के बीच वस्तुओं व सेवाओं के आवागमन को आसान बनाकर वैश्वीकरण को बढ़ावा दिया जाता है ।

- **उपचार -**

विद्यार्थी वैश्वीकरण को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारकों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त करें ।

Q 17 . **नीचे दो कथन दिए गए, अभिकथन (A) और कारण (R)। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।**
**अभिकथन (A): सत्ता में लोगों की भागीदारी लोकतंत्र को मजबूत बनाती है।**
**कारण (R) : लोकतंत्र का बुनियादी सिद्धांत है कि जनता ही सारी शक्ति का स्रोत है।**

**सही विकल्प :-**

Option A : जनता के वोट के अधिकार द्वारा ही लोकतंत्र में सरकार का चुनाव होता है। जनता जिसे चाहे उसे अपना नेता चुन सकती है । इसलिए लोकतंत्र में जनता ही सारी शक्तियों का स्रोत है, इसीलिए लोगों की अधिक से अधिक भागीदारी लोकतंत्र को मजबूत बनाती है ।

**अन्य विकल्पों का आकलन :-**

- Option B : क्योंकि जनता के वोट के अधिकार द्वारा ही लोकतंत्र में सरकार का चुनाव होता है इसलिए जनता राजनैतिक शाक्तियों का स्रोत है। इसीलिए कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
- Option C : जनता के वोट के अधिकार द्वारा ही लोकतंत्र में सरकार का चुनाव होता है। जनता जिसे चाहे उसे अपना नेता चुन सकती है । इसलिए कारण (R) गलत नहीं है।
- Option D : लोकतंत्र में जनता ही सारी शक्तियों का स्रोत है, इसीलिए लोगों की अधिक से अधिक भागीदारी लोकतंत्र को मजबूत बनाती है । इसलिए अभिकथन (A) सही है ।

- **उपचार -**

जनता के वोट के अधिकार द्वारा ही लोकतंत्र में सरकार का चुनाव होता है। जनता जिसे चाहे उसे अपना नेता चुन सकती है । इसलिए लोकतंत्र में जनता ही सारी शक्तियों का स्रोत है, इसीलिए लोगों की अधिक से अधिक भागीदारी लोकतंत्र को मजबूत बनाती है ।

Q 18 . **नीचे दो कथन दिए गए, अभिकथन (A) और कारण (R)। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।**
**अभिकथन (A): एक देश की अर्थव्यवस्था पर संकट का असर दूसरे देश की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ता है।**
**कारण (R) : वैश्वीकरण ने देशों की अर्थव्यवस्था को आपस में जोड दिया है।**

**सही विकल्प :-**

Option A : वैश्वीकरण के कारण विभिन्न देशों के बीच परस्पर संबंध और व्यापार से उनकी अर्थव्यवस्थाएँ एक दूसरे पर निर्भर करती है। जिससे एक देश की अर्थव्यवस्था पर संकट तथा वृद्धि का असर दूसरे देश की अर्थव्यवस्था पर साफ दिखाई देता है ।

**अन्य विकल्पों का आकलन :-**

- Option B : क्योंकि वैश्वीकरण से विभिन्न देशों के बीच व्यापार काफी बढ़ गया है इसलिए एक देश की अर्थव्यवस्था पर संकट/व्यापार में मंदी से दूसरे देश की अर्थव्यवस्था भी संकटग्रस्त होती। अतः कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है ।
- 
- Option C : वैश्वीकरण के कारण विभिन्न देशों के बीच परस्पर संबंध और व्यापार से उनकी अर्थव्यवस्थाएँ एक दूसरे पर निर्भर करती है। इसलिए कारण (R) गलत नहीं है।
- Option D : एक देश की अर्थव्यवस्था पर संकट/व्यापार में मंदी से दूसरे देश की अर्थव्यवस्था भी संकटग्रस्त होती। । इसलिए अभिकथन (A) सही है ।

DOE, DELHI

- **उपचार -**

  विद्यार्थी वैश्विकरण के प्रभावों को समझें ।

Q 19. **नीचे दो कथन दिए गए, अभिकथन (A) और कारण (R)। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।**
**अभिकथन (A): चाय एक महत्वपूर्ण रोपण फसल है।**
**कारण (R): भारत में चाय का उत्पादन नहीं होता है।**

**सही विकल्प :-**

Option C : भारत में चाय का उत्पादन हिमाचल, असम, पश्चिम बंगाल। तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश, त्रिपुरा, उत्तराखंड, त्रिपुरा।

**अन्य विकल्पों का आकलन :-**

- Option A : कारण (R) गलत है क्योंकि भारत में चाय का उत्पादन होता है। गलत होने के कारण यह अभिकथन (A) की व्याख्या नहीं करता।
- Option B : कारण (R) गलत है क्योंकि भारत में चाय का उत्पादन होता है।
- Option D : चाय के उत्पादन में विश्व स्तर पर भारत अग्रणी देशों में से एक है। इसलिए चाय एक महत्वपूर्ण रोपण फसल है। इसलिए अभिकथन (A) सही है। परंतु कारण (R) गलत है क्योंकि भारत में चाय का उत्पादन होता है।

- **उपचार -**

  विद्यार्थी भारत में चाय की फसल से संबंधित सभी तथ्यों की जानकारी प्राप्त करें।

Q 20. **नीचे दो कथन दिए गए, अभिकथन (A) और कारण (R)। कथनों को पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए।**
**अभिकथन (A) : जापान की सबसे पुरानी पुस्तक डायमंड सूत्र 868 ई. में छपी।**
**कारण (R) : योहान गुटनबर्ग एक फ्रांसीसी यात्री थी।**

**सही विकल्प :-**

- Option C : जापान की सबसे पुरानी पुस्तक डायमंड सूत्र 868 ईस्वी में छपी। योहन गुटेनबर्ग जर्मन था जिसने प्रिंटिंग प्रेस का आविष्कार किया।

**अन्य विकल्पों का आकलन :-**

- Option A : कारण (R) गलत है क्योंकि योहन गुटेनबर्ग जर्मन था जिसने प्रिंटिंग प्रेस का आविष्कार किया। गलत होने के कारण यह अभिकथन (A) की व्याख्या नहीं करता।
- Option B : कारण (R) गलत है क्योंकि योहन गुटेनबर्ग जर्मन था जिसने प्रिंटिंग प्रेस का आविष्कार किया।
- Option D : जापान की सबसे पुरानी पुस्तक डायमंड सूत्र 868 ईस्वी में छपी। इसलिए अभिकथन (A) सही है। परंतु कारण (R) गलत है क्योंकि योहन गुटेनबर्ग जर्मन था जिसने प्रिंटिंग प्रेस का आविष्कार किया।

- **उपचार -**

  विद्यार्थी प्रिंटिंग प्रेस के इतिहास के विषय में सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त करे।

## खंड- ख (अतिलघु उत्तरीय- प्रश्न) 2 अंक(40 शब्द)

प्रश्न 21: **सांस्कृतिक आदान – प्रदान में खाद्य पदार्थों की भूमिका का उल्लेख कीजिए।**

उत्तर का आकलन

-सांस्कृतिक आदान-प्रदान के तात्पर्य/अर्थ की समझ। 1 अंक

-खाद्य-पदार्थों का सांस्कृतिक आदान प्रदान में योगदान। 1 अंक

**उपचार:**

विद्यार्थी अध्याय 'भूमंडलीकृत विश्व का बनना' के अंतर्गत भोजन की यात्रा को ध्यानपूर्वक पढ़े एवं नूडल्स एवं स्पेगटी आदि के उद्धारण के माध्यम से उपरोक्त बिंदुओं को अपने उत्तर मे सम्मिलित करें ।

DoE DELHI

प्रश्न 22 **उदाहरणों के माध्यम से बताइए सत्ता में साझेदारी क्यों आवश्यक है?**

( क): उत्तर का आकलन

- सत्ता में साझेदारी के पर्याय/अर्थ की समझ। 1 अंक
- सत्ता में साझेदारी के तर्कपूर्ण उदाहरण 1 अंक

**उपचार:**

विद्यार्थी सत्ता मे साझेदारी के महत्व को समझने के लिए विभिन्न देशों मे सत्ता में साझेदारी के मॉडल का अध्ययन करें एवं उपरोक्त बिंदुओं को अपने उत्तर मे सम्मिलित करें ।

ख. **सत्ता में साझेदारी प्रदान न करना देश को गृहयुद्ध की तरफ ले जाता है।' उदाहरणों की सहायता से कथन की पुष्टि कीजिए।**

उत्तर का आकलन

- सत्ता में साझेदारी के पर्याय/अर्थ की समझ। ½ अंक
- सत्ता में साझेदारी और गृह युद्ध मे संबंध ½ अंक
- श्रीलंका का संबंधित तर्कपूर्ण उदाहरण 1 अंक

**उपचार:**

विद्यार्थी सत्ता मे साझेदारी के महत्व को समझे व श्रीलंका की राजनीतिक स्थिति, उपरोक्त बिंदुओं एवं बहुसंख्यकवाद के परिणामों को अपने उत्तर मे सम्मिलित करें ।

Q 23. **उन प्रवाधानों का उल्लेख कीजिए जो भारत को एक धर्मनिरपेक्ष राज्य के रूप में स्थापित करते है।**

उत्तर का आकलन

- भारतीय संविधान के धर्मनिरपेक्षता से संबंधित प्रावधान 1 अंक
- राज्य तथा धर्मनिरपेक्षता मे संबंध स्थापित करना 1 अंक

**उपचार:**

विद्यार्थी भारतीय संविधान के धर्मनिरपेक्षता संबंधी प्रावधानों की जानकारी प्राप्त करें एवं उपरोक्त बिंदुओं को अपने उत्तर मे सम्मिलित करें ।

Q 24 . **अपने दैनिक जीवन में प्रयोग होने वाले किन्हीं दो खनिजों के नाम लिखिए।** उत्तर का आकलन

- दो खनिजों के नाम ½ + ½ अंक
- संबंधित खनिजों का दैनिक जीवन मे प्रयोग 1 अंक

**उपचार:**

विद्यार्थी अपने दैनिक जीवन में उपयोग होने वाले खनिजों की जानकारी प्राप्त करें एवं उपरोक्त बिंदुओं को अपने उत्तर मे सम्मिलित करें ।

## खंड- ग (लघु उत्तरीय- प्रश्न) 3 अंक(60 शब्द)

Q 25 . **स्वयं सहायता समूह की कार्यप्रणाली पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।**

उत्तर का आकलन

- स्वयं सहायता समूह से तात्पर्य/ अर्थ 1 अंक
- स्वयं सहायता समूह की कार्यप्रणाली 2 अंक

**उपचार:**

DOE, DELHI

विद्यार्थी स्वयं सहायता समूह के अर्थ एवं उसकी कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त करें एवं उपरोक्त बिंदुओं को अपने उत्तर में सम्मिलित करें ।

Q 26 .**क चावल के उत्पादन के लिए आवश्यक भौगोलिक दशाओं का वर्णन कीजिए।**

उत्तर का आकलन

- चावल के उत्पादन से संबंधित कोई 3 भौगोलिक दशा

भौगोलिक दशा 1 — 1 अंक

भौगोलिक दशा 2 — 1 अंक

भौगोलिक दशा 3 — 1 अंक

**उपचार:**

विद्यार्थी चावल के उत्पादन से संबंधित सभी भौगोलिक परिस्थितोंओं/आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त करें एवं उपरोक्त बिंदुओं को अपने उत्तर में सम्मिलित करें ।

**ख गेहूँ के उत्पादन के लिए आवश्यक भौगोलिक दशाओं का वर्णन कीजिए।**

गेहूं के उत्पादन से संबंधित कोई 3 भौगोलिक दशा

भौगोलिक दशा 1 — 1 अंक

भौगोलिक दशा 2 — 1 अंक

भौगोलिक दशा 3 — 1 अंक

**उपचार:**

विद्यार्थी गेहूं के उत्पादन से संबंधित सभी भौगोलिक परिस्थितोंओं/आवश्यकताओं की जानकारी प्राप्त करें एवं उपरोक्त बिंदुओं को अपने उत्तर में सम्मिलित करें ।

Q 27 . **लोकतंत्र एक उत्तरदायी, जिम्मेवार और वैध शासन प्रणाली की स्थापना करता है। कथन का विश्लेषण कीजिए।**

उत्तर का आकलन

- लोकतंत्र किस प्रकार एक उत्तरदायी शासन प्रणाली है — ½ अंक
- लोकतंत्र किस प्रकार एक जिम्मेदार शासन प्रणाली है — ½ अंक
- लोकतंत्र किस प्रकार एक वैध शासन प्रणाली है — ½ अंक
- संबंधित तर्कों का विश्लेषण । — 1 ½ अंक

**उपचार:**

विद्यार्थी लोकतान्त्रिक शासन प्रणाली एवं निर्णय लेने की प्रक्रिया को लोकतान्त्रिक बनाने वाले कारको के विश्लेषण करें एवं उपरोक्त बिंदुओं को अपने उत्तर में सम्मिलित करें ।

Q 28 . **उत्पादन में तृतीयक क्षेत्रक की बढ़ती भूमिका की समीक्षा कीजिए।**

उत्तर का आकलन

- उत्पादन मे तृतीयक क्षेत्र की भूमिका — 1 अंक
- तृतीयक क्षेत्र का अन्य क्षेत्रों से तुलनात्मक अध्ययन — 1 अंक
- उत्पादन मे तृतीयक क्षेत्र की समीक्षा — 1 अंक

**उपचार:**

विद्यार्थी उत्पादन के तीनों क्षेत्रों (प्रथम, द्वितीय , तृतीय ) का तुलनात्मक अध्ययन करें एवं उपरोक्त बिंदुओं को अपने उत्तर में सम्मिलित करें ।

Q 29 . **फ्रांसीसी क्रांति में मुद्रण संस्कृति की भूमिका पर प्रकाश डालिए।**

DoE DELHI

उत्तर का आकलन

- मुद्रण संस्कृति का अर्थ 1 अंक
- फ्रांसीसी क्रांति में मुद्रण संस्कृति की भूमिका 1 अंक
- फ्रांसीसी क्रांति में मुद्रण संस्कृति की भूमिका की समीक्षा 1 अंक

**उपचार:**

विद्यार्थी फ्रांसीसी क्रांति में मुद्रण संस्कृति के प्रभावों का अध्ययन करें एवं उपरोक्त बिंदुओं को अपने उत्तर में सम्मिलित करें ।

**खंड- घ (दीर्घ उत्तरीय- प्रश्न) 5 अंक(120 शब्द)**

Q 30 (क) **भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में लोक – कथाओं, गीत, चित्र व प्रतीकों की भूमिका की व्याख्या कीजिए।**

उत्तर का आकलन

-भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में लोक- कथाओं की उदाहरण सहित भूमिका 1 अंक
- भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में गीतों की उदाहरण सहित भूमिका 1 अंक
- भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में चित्रों की उदाहरण सहित भूमिका 1 अंक
- भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में चित्रों की उदाहरण सहित भूमिका 1 अंक
- स्पस्ट तथा तर्कपूर्ण भाषा/तथ्य/विचार 1 अंक

**उपचार:**

विद्यार्थी भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में सांस्कृतिक प्रक्रियाओं( लोक-कथा, गीत, चित्र, तथा प्रतीक) ने किस प्रकार सहयोग दिया एवं उपरोक्त बिंदुओं को अपने उत्तर की व्याख्या में सम्मिलित करें ।

Q 30 (ख) **महात्मा गांधी द्वारा चलाए गए विभिन्न आंदोलनों के केन्द्रीय तत्वों की व्याख्या कीजिए।**

उत्तर का आकलन

- गांधी जी द्वारा चलाए जाने वाले आंदोलनों के किसी एक मुख्य सिद्धांत/विचार की उदाहरण सहित तर्कपूर्ण व्याख्या। 1 अंक
- गांधी जी द्वारा चलाए जाने वाले आंदोलनों के किसी एक सिद्धांत/विचार की उदाहरण सहित तर्कपूर्ण व्याख्या। 1 अंक
- गांधी जी द्वारा चलाए जाने वाले आंदोलनों के किसी एक सिद्धांत/विचार की उदाहरण सहित तर्कपूर्ण व्याख्या। 1 अंक
- गांधी जी द्वारा चलाए जाने वाले आंदोलनों के किसी एक सिद्धांत/विचार की उदाहरण सहित तर्कपूर्ण व्याख्या। 1 अंक
- गांधी जी द्वारा चलाए जाने वाले आंदोलनों के किसी एक सिद्धांत/विचार की उदाहरण सहित तर्कपूर्ण व्याख्या। 1 अंक

**उपचार:**

विद्यार्थी गांधी जी द्वारा चलाए जाने वाले आंदोलनों में मुख्य सिद्धांतों/विचारों (जैसे अन्यायपूर्ण शासन का विरोध, सत्य की शक्ति पर विश्वास, अहिंसा के मार्ग का अनुसरण, आंदोलनों को जनकेन्द्रित बनाना, आत्मबल को मजबूत करना, इत्यादि) उपरोक्त बिंदुओं को अपने उत्तर की व्याख्या में सम्मिलित करें ।

DOE, DELHI

Q 31 (क) **'भाषा के आधार पर राज्यों का पुर्नगठन लोकतांत्रिक भारत की पहली चुनौती थी।' भाषायी राज्यों की सफलता के आधार पर की आलोचनात्मक समीक्षा कीजिए।**

उत्तर का आकलन

- स्वतंत्रता के उपरांत भाषा के आधार पर राज्यों की मांग के कारण 1 अंक
- केंद्र सरकार द्वारा भाषा के आधार पर राज्य बनाने को टालने का कारण 1 अंक
- भाषा के आधार पर राज्य बनने के उदाहरण 1 अंक
- भाषा के आधार पर राज्य बनने के प्रभाव 1 अंक
- स्पष्ट तथा तर्कपूर्ण भाषा/तथ्य/विचार 1 अंक

**उपचार:**

विद्यार्थी स्वतंत्रता उपरांत भाषा के आधार पर राज्यों के गठन के तथ्यों का अध्ययन करें एवं उपरोक्त बिंदुओं को अपने उत्तर की समीक्षा में सम्मिलित करें ।

Q 31 (ख) **भारतीय संविधान के उन प्रावधानों का उल्लेख कीजिए जो भारतीय शासन व्यवस्था को संघीय शासन व्यवस्था के रूप में स्थापित करती है?**

उत्तर का आकलन

- भारत मे संघीय शासन व्यवस्था में सरकार के दो या दो से अधिक स्तर 1 अंक
- विभिन्न प्रकार के स्तरों के अधिकार क्षेत्र 1 अंक
- संविधान मे संशोधन के लिए आवश्यक शर्तें 1 अंक
- संविधान संशोधन मे अदालतों की भूमिका 1 अंक
- सरकार के विभिन्न स्तरों के बीच राजस्व का बंटवारा 1अंक

**उपचार:**

विद्यार्थी भारतीय संघीय व्यवस्था के विभिन्न स्तरों, अधिकार क्षेत्रों तथा संबंधित विभिन्न प्रावधानों का अध्ययन करें एवं उपरोक्त बिंदुओं को अपने उत्तर में सम्मिलित करें ।

Q 32 (क) **भूमि संरक्षण के कुछ उपाय बताइए।**

उत्तर का आकलन

- वनारोपन करने से भूमि संरक्षण में योगदान 1 अंक
- चारागाहों के उचित प्रबंधन से भूमि संरक्षण में योगदान 1 अंक
- पशुचारण नियंत्रण से भूमि संरक्षण में योगदान 1 अंक
- रक्षक मेखलाओं के प्रयोग से भूमि संरक्षण में योगदान 1 अंक
- औधयोगिक जल परिष्करण से भूमि संरक्षण में योगदान 1 अंक
- उपरोक्त के अतिरिक्त कोई अन्य तर्कपूर्ण बिन्दु

**उपचार:**

विद्यार्थी भूमि संरक्षण के विभिन्न तरीकों की जानकारी प्राप्त करे एवं उपरोक्त बिंदुओं को अपने उत्तर में सम्मिलित करें।

Q 32 (ख) **सतत पोषणीय विकास की आवश्यकताओं का वर्णन कीजिए।**

उत्तर का आकलन

- प्राकृतिक रूप से संसाधनों के आसमान वितरण के कारण सतत् पोषणीय विकास की आवश्यकता 1 अंक
- संसाधनों के असीमित दोहन के कारण सतत् पोषणीय विकास की आवश्यकता 1 अंक

DoE/DELHI

- संसाधनों के पुनः पूरित होने में लगने वाले समय के कारण सतत् पोषणीय विकास की आवश्यकता 1 अंक
- संसाधनो का समाज में न्यायसंगत बंटवारा न होने के कारण सतत् पोषणीय विकास की आवश्यकता 1 अंक
- भविष्य की पीढ़ियों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए सतत् पोषणीय विकास की आवश्यकता 1 अंक
- उपरोक्त के अतिरिक्त कोई अन्य तर्कपूर्ण बिन्दु

**उपचार:**

विद्यार्थी सतत् पोषणीय विकास के अर्थ, आवश्यकता तथा महत्व का अध्ययन करें एवं उपरोक्त बिंदुओं को अपने उत्तर में सम्मिलित करें।

Q 33 (क) **भारत में रिर्जव बैंक के कार्यों की परख कीजिए।**

उत्तर का आकलन

- भारत में केन्द्रीय सरकार की ओर से मुद्रा जारी करना रिजर्व बैंक का कार्य है। 1 अंक
- बैंकों के बैंक के रूप में कार्य करना रिजर्व बैंक का कार्य है। 1 अंक
- भारत में बैंकों की ब्याज दर तय करना रिजर्व बैंक का कार्य है। 1 अंक
- भारत में मौद्रिक नीति का निर्धारण रिजर्व बैंक का कार्य है। 1 अंक
- भारत में ऋण के औपचारिक स्रोतों की कार्यप्रणाली पर नजर रखना रिजर्व बैंक का कार्य है। 1 अंक
- उपरोक्त के अतिरिक्त कोई अन्य तर्कपूर्ण बिन्दु

**उपचार:**

विद्यार्थी भारतीय रिजर्व बैंक के सभी कार्यों की जानकारी प्राप्त करे एवं उपरोक्त बिंदुओं को अपने उत्तर में सम्मिलित कर कथन की परख करे।

DOE, DELHI

Q 33 (ख) **ग्रामीण क्षेत्रक आज भी साख के लिए अनौपचारिक क्षेत्रक पर निर्भर है। कथन की परख कीजिए।**

उत्तर का आकलन

- ग्रामीण क्षेत्रको में साख के औपचारिक तथा अनौपचारिक साधन। 1 अंक
- ग्रामीण क्षेत्रको में गरीब लोगों की साख के औपचारिक साधनों से ऋण लेना मुश्किल होना । 1 अंक
- ग्रामीण क्षेत्रको में गरीब लोगों का साख के अनौपचारिक साधनों पर निर्भर होने के कारण । 3 अंक

**उपचार:**

ग्रामीण क्षेत्रको में साख के औपचारिक तथा अनौपचारिक साधनों की स्थिति की जानकारी प्राप्त करे उपरोक्त बिंदुओं को अपने उत्तर में सम्मिलित कर कथन की परख करे।

## केस – आधारित प्रश्न

Q 34.1 निरंकुश राजतन्त्र का विद्यार्थी के अपने शब्दों में अर्थ 1 अंक

34.2 हंगरी में मैगयार बोली जाती थी। 1 अंक

34.3 कोई दो कारक (समान संस्कृति, समान भाषा, समान जाति इत्यादि) प्रत्येक कारक का 1 अंक 2 अंक

Q 35.1 द्विदलीय व्यवस्था का अर्थ बताते हुए अमेरिका का तर्कपूर्ण उदाहरण। 1 अंक

Q 35.2 उपरोक्त अनुच्छेद में से अथवा अपने शब्दों में अर्थ 1 अंक

Q 35.3 भारत में विविधता के पक्ष को ध्यान में रखते हुए द्विदलीय तथा बहुदलीय व्यवस्था में से कौन-सी व्यवस्था होगी इसका तर्कपूर्ण पक्ष 2 अंक

Q 36.1 हरियाणा राज्य 1 अंक

Q 36.2 विभिन्न राज्यों में शिशु मृत्यु का तुलनात्मक तर्क देकर , राज्य- केरल 1 अंक

Q 36.3 निवल उपस्थिति अनुपात का अपने शब्दों में अर्थ 2 अंक

DOE, DELHI